SET -A

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2023-24

कक्षा: 12वी

विषय: इतिहास

समय-3 घंटा पूर्णांक-80 अंक

निर्देश

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं
- प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। सही विकल्प 06 अंक, रिक्त स्थान 06 अंक, सत्य /असत्य 06 अंक,सही जोडी 07 अंक एवं एक शब्द से एक वाक्य मे उत्तर 07 अंक संबधी प्रश्न । प्रत्येक प्रश्न हेतु 01 अंक निर्धारित है।
- प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक में आंतरिक विकल्प दिए गए है
- प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक 10 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है।
- प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक 04 प्रश्न हैं प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित है।
- प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक 04 प्रश्न हैं,प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित है।

**प्रश्न-1 निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए :-** 1X6=6

1. किस की रचनाओं को गुरु ग्रंथ साहिब में सम्मिलित नहीं किया गया था?

(अ) कबीर दास (ब)रविदास

(स) तुलसी दास (द) गुरु नानक

2. विद्रोह को कुचलनेवाले अंग्रेज अधिकारियों का महिमा मंडन करने वाला चित्र रिलीफ आफ लखनऊ किसने बनाया था ?

(अ) जोजेफ नोएल पेटन (ब) टामस जोंस बार्कर

(स) फेलिस बेईतो (द) चरु

3. इनबतूता ने भारतीय शहरों को व्यापक सुअवसरों से भरपूर पाया। निम्नलिखित विकल्पों में से उपयुक्त कारण की पहचान कीजिए

(अ)विशाल जनसंख्या, बाजार और सचार व्यवस्था (ब) भूमि पर राजकीय स्वामित्व

(स) स्वायत्त और समतावादी ग्रामीण नियंत्रण (द) व्यापारी सोना और चाँदी निर्यात करते थे।

4. सिंधु घाटी सभ्यता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें

(1) हड़प्पा सील संभवतः हड़प्पा सभ्यता की सबसे विशिष्ट विशेषता है।

(2)शोर्टुघई नामक स्थल पर नहर सिंचाई के साक्ष्य मिले हैं।

(3)मोहनजोदड़ो अनियोजित ढंग से बसाया गया शहर था।

(4)तांबा कर्नाटक के कोलार क्षेत्र से लाया जाता था।

दिए गए कथनों में से कौन सा/से गलत है/है?

(अ) 1, 2, 3 (ब) 3, 4

(स) 1, 2, 4 (द) 2,4

5. किस भारतीय राजा ने अपने राज्यकाल की शुरुआत एक खूखार योद्धा के रूप में की थी परन्तु आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्ति के बाद युद्ध की विनाशकता का आभास हुआ?

(अ) चन्द्रगुप्त मौर्य (ब) विक्रमादित्य

(स) राजा राज चोल (द) अशोक

6. निम्न मे से किस उपनिषद् मे कई लोगो को उनके मातृनामो से निर्दिष्ट किया गया था -

(अ) बृहदारण्यक (ब) कठ


(स) छान्दोग्य (द) उपर्युक्त सभी

प्रश्न-2 . रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:- 1X6=6

1. उपनिषद पुस्तकें ---------------- पर केन्द्रित है।
2. बुद्ध, धम्म और संघ मिलकर------------------------ कहलाते है।
3. "एक दिन ये गिलास फल हमारे ही मुहं मे आकर गिरेगा" लार्ड डलहौजी ने यह बात-------राज्य के बारे मे कही थी।
4. दामिन ए कोह का सम्बन्ध ------------------------से था।
5. हड़प्पा सभ्यता के सबसे लंबे अभिलेख मे ------- ---------------चिन्ह है ।
6. ------------------------ दार्शनिक ने बर्नियर के वृतात का उपयोग अपने सिद्धान्त मे किया।

प्रश्न-3 निम्नलिखित वाक्यों मे सत्य/असत्य लिखिए: 1X6=6

1. ऐसा विवाह जिसमे पिता सावधानीपूर्वक वेदज्ञ एवं शीलवान वर का चयन करने के बाद उसे अपने घर बुलाता था तथा उसकी पूजा करके वस्त्राभूषण से सुसज्जित कन्या को उसे प्रदान करता था, को प्रजापात्य विवाह कहते थे ।
2. भूमि का वह भाग जो ब्राह्मणो को दान मे दिया जाता था अग्रहार कहलाता था।
3. सती प्रथा का वर्णन निकितिन ने किया है।
4. हमारी पाठ्यपुस्तक के विषय-4 मे विचारक, विश्वास और इमारतें के चित्र 4.15 जैन धर्म से सम्बंधित है।



5. सगुण और निर्गुण भक्ति का सम्बन्ध इस्लाम धर्म से है।
6. फ्रांसीसी साँची स्तूप के पूर्वी तोरणद्वार को फ्रांस ले जाने के लिए क्यों बहुत उत्सुक थे ।

प्रश्न-4 सही जोड़ी बनाइए :- 1X7=7

| कॉलम अ | कॉलम ब |
|---|---|
| 1. निकितिन | अ. फ्रांस |
| 2. फ्रांस्वा बर्नियर | ब पुर्तगाल |
| 3. अब्दुर रज्जाक | स. अलवार संत(महिला) |
| 4. उपनिषदो की रचना | द. नयनार संत(महिला) |
| 5. अंडाल | इ छठी सदी ई.पू. |
| 6. करइक्काल अम्मइयार | फ रूस |
| 7. डोमिंगो पेस | ज फारस |

प्रश्न-5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य मे लिखिए:- 1X7=7

1. जेम्स फर्गुसन ने वृक्ष और सर्प की पूजा का केन्द्र किसे माना?

2. शासकों की प्रतिमा और नाम के सिक्के सर्वप्रथम किस राजवंश के राजाओं ने जारी किये थे ?

3 बंगाल की स्थाई बन्दोबस्त में आने वाले परिवर्तनों पर किसने पांचवी रिपोर्ट तैयार किया?

4. फ्रांसीसी यात्री ज्यॉं बैप्टिस्ट तैवर्नियर ने गाँवों में मुद्रा के प्रचलन के सम्बन्ध में अपने यात्रा वृतान्त में क्या लिखा है ?

5. लार्ड डलहौजी ने दत्तक पुत्र उत्तराधिकार नियम को किस वर्ष में रद्द कर दिया था ?

6 भारत में लिंग पूजा किस काल में प्रारंभ हुई?

7. अमुक्तमाल्यद नामक ग्रन्थ किस शासक ने लिखा?

प्रश्न-6 राजा अशोक को उनकी प्रजा द्वारा 'देवानाम्पिय' तथा 'पियदस्सी' मानने का सर्वोत्तम कारण बताइये। 2

अथवा

मनुस्मृति की रचना का क्या उद्देश्य था ?

प्रश्न-7 किसने व कब सम्पूर्ण विश्व के समक्ष सिन्धु घाटी में एक नवीन सभ्यता की खोज की घोषणा की थी 2

अथवा

हड़प्पावासी कार्नीलियन एवं सेलखड़ी कहाँ से मंगाते थे ?

प्रश्न-8 भारत के उन दो नगरों के नाम लिखिए जिनका इब्न बतूता ने दौरा किया और विश्ववादी संस्कृति गढ़ी। 2

अथवा

अल बिरूनी द्वारा भारत के धर्म, दर्शन, खगोल विज्ञान तथा कानून पर लिखी गई पुस्तक का नाम लिखिए।

प्रश्न-09 खालसा पंथ पर टिप्पणी लिखिए ? 2

अथवा

सगुण और निर्गुण भक्ति का आशय समझाइए ?

प्रश्न-10 एकलव्य ने तीर चलाने की उत्तम कुशलता कैसे प्राप्त की? 2

अथवा

वर्ण व्यवस्था को ब्राह्मण दैवीय व्यवस्था क्यों कहते थे ?

प्रश्न-11 उपनिषद् क्या थे ? इनसे हमें क्या पता चलता है ? 2

अथवा

बौद्ध संघ में भिक्षुओं की दैनिक जीवनचर्या को बताइए।

प्रश्न-12 चीन के विषय में इब्नबतूता के यात्रा वर्णन की तुलना किसके वृतांत से की जाती है। 2

अथवा

ज्यॉं-बैपटिस्ट तैवर्नियर के भारत वर्णन को लिखिए।

प्रश्न-13 14वीं से 16वीं शताब्दी के मध्य कौन-सा नगर दक्षिण भारत में एक साम्राज्य के रूप में विकसित हुआ? 2

अथवा

प्राप्त साक्ष्य के आधार पर विजयनगर में स्थित कमल महल का प्रयोग किस कार्य के लिए होता होगा?

प्रश्न-14 मुगलकाल के भारतीय-फारसी स्रोत किसानों के लिए किन-किन शब्दों का प्रयोग करते हैं ? 2

अथवा

जजमानी व्यवस्था का वर्णन कीजिए।

प्रश्न-15 अब्दुर रज्जाक द्वारा मंगलोर में स्थित मंदिर के बारे में क्या विवरण दिया गया ? 2

अथवा

फ्रांसीसी यात्री बर्नियर के अनुसार भारत तथा यूरोप के मध्य मूल असमानताओं में से एक कौन-सी थी ?

प्रश्न-16 लोहे के फाल के प्रयोग ने संपूर्ण उपमहाद्वीप में कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन ला दिया, इस कथन की पुष्टि कीजिये 3

अथवा

प्रश्न 17 बंगाल में अंग्रेजों द्वारा शुरू किये गये भू राजस्व के स्थायी बन्दोबस्त की विफलता के दो कारण बताइये। 3

अथवा

औपनिवेशिक काल में किसानों की ऋणग्रस्तता के कारण लिखिए ।

प्रश्न-18 विजयनगर साम्राज्य की प्रमुख राजनीतिक व्यवस्था अमर नायक प्रणाली का वर्णन कीजिए। 3

अथवा

विजयनगर साम्राज्य के राजकीय केन्द्र विरुपाक्ष मन्दिर तथा विट्ठल मन्दिर की विशिष्ट विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 19 "ई पू 600 से ई. 600 तक पौराणिक हिन्दू धर्म में विभिन्न विचारों, मूर्तियों और मंदिरों का विकास हुआ।" कथन को स्पष्ट कीजिए। 3

अथवा

उन्नीसवीं शताब्दी में साँची स्तूप, किस प्रकार की संरक्षण नीति की सफलता के जीते जागते उदाहरण है? जबकि अमरावती के स्तूपों के सम्बन्ध में ऐसा नहीं है क्यों ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न-20 'ट्रैवल्स इन द मुगल एम्पायर' नामक ग्रन्थ में बर्नियर भारत को पश्चिमी जगत की तुलना में अल्प विकसित व निम्न श्रेणी का दर्शाना चाहता था। स्पष्ट कीजिए। 4

अथवा

इब्नबतूता और बर्नियर ने जिन दृष्टिकोणों से भारत में अपनी यात्राओं का विवरण लिखा,उनकी तुलनात्मक अंतर बताएं। 4

प्रश्न-21 सूफी परंपरा से संबन्धित इतिहास की जानकारी के लिए विभिन्न स्त्रोतों का वर्णन कीजिये?

अथवा

चर्चा कीजिए कि अलवार, नयनार और वीरशैवों ने किस प्रकार जाति प्रथा की आलोचना प्रस्तुत की? 4

प्रश्न-22 1857 के विद्रोह ने ब्रिटिश प्रशासन पर क्या तात्कालिक प्रभाव डाले लिखिए

अथवा

सारे प्रयासों के बावजूद 1857 का विद्रोह असफल हुआ, इसकी असफलता के कारणों की विवेचना कीजिये 4

प्रश्न- 23 भारत एवं सीमावर्ती देशों के मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं चार स्थानों को पहचान कर दर्शाइए -

नोट -मानचित्र पूर्ण कर मानचित्र को उत्तर पुस्तिका में संलग्न करें

1. नागेश्वर-एक विकसित हड़प्पाई पुरास्थल - नागेश्वर
2. सिंधु सभ्यता का नवीनतम उत्खनित स्थल धौलावीरा
3. सम्राट अशोक का अंतिम युद्ध स्थल -कलिंग
4. क्षिप्रा नदी किनारे विकसित महाजनपद कालीन राज्य -अवंति
5. मगध की प्रारंभिक राजधानी - पाटलिपुत्र
6. गुजरात राज्य स्थित अशोक का महाशिलालेख -गिरनार
7. जगन्नाथ मंदिर -पुरी
8. गंगइकोण्डचोलपुरम -शिवमंदिर